>

Title: Need to release crop-insurance dues in favour of groundnut producers of Saurashtra.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, देश में फसल बीमा योजना आरम्भ की गयी है, जिसमें कई विसंगतियां थीं, जिसे कि इस सरकार ने दूर किया है। मेरा सरकार से यह भी अनुरोध हे कि फसल बीमा योजना के भुगतान की एक समय सीमा रखी जाये। साथ ही किसानों को जो औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं उनको आसान बनाया जाये। इसके लिए फसल बीमा प्राधिकरण का गठन भी किया जाये। जो फसल बीमा योजना की शिकायत का निपटारा प्रभावी ढंग से कर सके। गुजरात के सौराÂष्ट्र रीजन में एवं मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में 2006-2007 वित्तीय वर्ष के फसल बीमा योजना के अंतर्गत मूंगफली की फसल बीमा का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है, जिसके कारण किसानों को बहुत दिक्कत हो रही है और उन्होंने जो ऋण ले रखा था उसका भुगतान करने में असमर्थ है और दूसरी ओर अल्पकाल के लिए ऋण नहीं मिल रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गुजरात के सौराÂष्ट्र के रीजन के मूंगफली के किसानों को कृषि फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक जो राशि लंबित है, उसका तुंत भुगतान किया जाये एवं कृषि फसल बीमा योजना को भुगतान एक निश्चित समय के अंतर्गत कर दिये जाने का प्रावधान जल्द से जल्द रखा जाये।